# हिन्दी Hindi Class 12 Important Question Chapter 2 बिस्कोहर की माटी

**1. यह अध्याय कहां से लिया गया है ?**

**उत्तर:** यह अध्याय 'विश्वनाथ त्रिपाठी' रचित उनकी आत्मकथा "नंगातलाई का गांव" से लिया गया एक अंश है।

**2. इस अध्याय में लेखक ने क्या वर्णन किया है ?**

**उत्तर:** इस अध्याय में लेखक ने अपने गाँव, वहां के जीवन और आसपास के प्राकृतिक परिवेश का वर्णन किया है।

**3. इस अध्याय में लेखक ने अपने गांव के बारे में क्या बताया है ?**

**उत्तर:** इस अध्याय में लेखक ने अपने गांव में पाए जाने वाले फूलों और विष एवं विषहीन सांपो के बारे में बताया है।

**4.लेखक पहली बरसात का क्या लाभ बताते हैं ?**

**उत्तर:** लेखक कहते हैं कि पहली बरसात से दाद, खाज-खुजली और फोड़ा-फुंसी आदि समस्याएं समाप्त हो जाती है।

**5. कोइयाँ क्या है ?**

**उत्तर:** कोइयाँ एक प्रकार का फूल है जो पानी में ही खिलता है । इसे कुमुद भी कहते है।

**लघु उत्तरीय प्रश्न (2 अंक)**

**1. लेखक को गांव वाले किस नाम से पुकारते थे ?**

**उत्तर:** लेखक का असली नाम ' विश्वनाथ त्रिपाठी' है परंतु गांव वाले लेखक को "बिसनाथ" नाम से पुकारते थे।

**2. डोड़हा साँप क्यों नहीं मारा जाता है ?**

**उत्तर:** गांव वालों का मानना है कि डोड़हा सांप "वामन" जाति का होता है इसलिए इस सांप को नहीं मारा जाता है । यह सांप विषहीन भी होता है।

**3. इस अध्याय में चर्चित जहरीले और विषहीन साँपों के बारे में लिखिए ।**

**उत्तर:** जहरीले साँप – गोंहूअन और घोर कड़ाइच

विषहीन साँप – डोंड़हा, मजगिदवा, धामिन।

**4. लेखक में नीम के पत्ते और बेर के फूल का क्या लाभ बताया ?**

https://www.evidyarthi.in/

**उत्तर:** नीम के पत्ते चेचक के रोगी के लिए बहुत ही फायदेमंद होते है और बेर के फूल सूंघने से बर्रे ततैया का डंक झड़ जाता है।

**5. गुड़हल के फूल की क्या विशेषता है ?**

**उत्तर:** लेखक के गाँव वाले गुड़हल की फूल को देवी का फूल मानते हैं और इस फूल को चुड़ैल आदि नामों से भी संबोधित किया जाता है।

**लघु उत्तरीय प्रश्न (3 अंक)**

**1. लेखक के अनुसार मां और बच्चे का संबंध बहुत गहरा क्यों होता है ?**

**उत्तर:** बच्चे और मां का संबंध बहुत गहरा एवं पवित्र होता है । लेखक कहते हैं कि जब भी बच्चा रोता है या बच्चा जब भी अपनी मां को मारता है तो मां भी अपने बच्चे को कभी कभी-कभी वापस मारती है लेकिन फिर भी बच्चा अपनी मां से ही चिपका रहता है और माँ भी उसे उतना ही प्रेम वापस देती है । इन्हीं सब बातों से मां और बच्चे के संबंध का ज्ञात होता है ।

**2.लेखक चांदनी रात और बच्चे पर क्या टिप्पणी करते हैं ?**

**उत्तर:** लेखक कहते हैं कि चांदनी रात पर खटिया पर बैठकर जब मां अपने बच्चे को दूध पिलाती है तब बच्चा दूध पीने के साथ-साथ चांदनी रात के आनंद को भी पूरी तरह महसूस करता है जैसे चांदनी भी बच्चे को उसकी मां की तरह स्नेह – ममता दे रही है।

**3. लेखक ने दिलशाद गार्डन में क्या देखा ?**

**उत्तर:** लेखक ने दिलशाद गार्डन में बत्तखों को देखा और उन्होंने यह भी देखा कि बत्तख अंडा देने के समय पानी छोड़ कर जमीन पर आ जाते हैं और लेखक ने एक बत्तख को अपने अंडे को सेते हुए भी देखा।

**4. लेखक लू से कैसे बचते थे ?**

**उत्तर:** बचपन में लेखक दोपहर में सबको सोता हुआ छोड़कर भरी गर्मी में घर से चुपके से बाहर निकल जाते थे और दुपहरिया का नाच भी देखते थे। उनकी मां उनको लू से बचाने के लिए उनकी धोती या कमीज में गाँठ लगाकर प्याज बांध देती थी और लू से बचने की सबसे उत्तम दवा थी – आम का पन्ना । इस प्रकार लेखक लू से बच जाते थे।

**5. लेखक ने बिस्कोहर गांव में बरसात का क्या दृश्य प्रस्तुत किया है ?**

**उत्तर:** लेखक ने बिस्कोहर गांव में बरसात का बहुत ही सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया है । लेखक कहते हैं कि बरसात आने से पहले बादल गिरते हैं, गरजते भी हैं और दिन में ही चारों तरफ अंधेरा छा जाता है और बरसात भी लगातार कई-कई दिनों तक होती है । काफी बरसात होने की वजह से घर की दीवारें भी गिर जाती है और बहुत सारे कीड़े-मकोड़े भी बाहर दिखाई पड़ने लगते हैं।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (5 अंक)**

**1 . बिसनाथ पर क्या अत्याचार हो गया ?**

https://www.evidyarthi.in/

**उत्तर:** बिसनाथ बहुत छोटे थे। तब माँ के दूध का सेवन ही कर रहे थे कि उनके छोटे से भाई का जन्म हो गया था । छोटे भाई के जन्म के वजह से उन्हें माँ का दूध पिलाना बंद कर दिया गया था । अब माँ का दूध छोटा भाई पीता था। बिसनाथ इसे खुद पर अत्याचार कहते हैं। माँ का दूध ना मिलना उनके लिए अत्याचार के समान ही है। छोटा भाई माँ का दूध पीता और बिसनाथ को गाय के दूध पर निर्भर रहना पड़ता था ।

**2. कोइयाँ किसे कहते हैं? उसकी विशेषताएँ बताइए।**

**उत्तर:** कोइयाँ जल में पैदा होने वाला फूल है। इसे 'कुमुद' तथा 'कोका-बेली' आदि अन्य नामों से भी जाना जाता है ।

इसकी विशेषताएँ निम्न हैं-

**क)** कोइयाँ फूल पानी से भरे गड्ढे में भी आसानी से पनप जाती है।

**ख)** यह भारत में अधिकतर जगहों में पाई जाती है ।

**ग)** इसकी खुशबू मन को बहुत चाहने वाली होती है।

**घ)** सर्दी की रात की चाँदनी में तालाबों में चाँदनी की जो छाया बनती है, वह कोइयों की पत्तियों के जैसी लगती है। दोनों बिल्कुल एक जैसी लगती हैं।

**3. लेखक मां और बच्चे के संबंध के बारे में क्या बताते हैं ?**

**उत्तर:** लेखक मां और बच्चे के संबंध के बारे में निम्नलिखित बातें कहते हैं :

**क)** लेखक के अनुसार मां और बच्चे का संबंध अद्भुत और पवित्र होता है ।

**ख)** बच्चा सबसे पहले धरती पर जन्म लेते ही अपनी मां का दूध भोजन के रूप में सबसे पहले ग्रहण करता है और 6 – 7 महीने तक सिर्फ अपनी मां के दूध पर ही वह बच्चा जीवित रहता है ।

**ग)** एक नवजात शिशु के लिए उसकी मां का दूध अमृत के समान होता है ।

**घ)** बच्चा सिर्फ अपनी मां का दूध ही ग्रहण नहीं करता है बल्कि अपनी मां के सारे संस्कार भी वह अपने अंदर ग्रहण करता है ।

**4. लेखक ने बत्तख की मां और मनुष्य की मां में किस समानता को देखा था?**

**उत्तर:** लेखक जब दिलशाद गार्डन जाते हैं तो वहां पर बहुत सारे बत्तखों को देखते हैं और लेखक को बत्तख की मां और मनुष्य की मां एकदम एक जैसे ही लगती है और वह कहते हैं कि जिस प्रकार बत्तख अपने पंख फैलाकर अंडों को दुनिया की नजर से बचा कर रखती हैं उन्हें प्यार करती है और अन्य सभी पक्षियों से भी बचाती है, उसी प्रकार एक मनुष्य की मां भी अपने बच्चे को पूरी दुनिया की नजरों से बचाकर रखती है उसे अपनी कोख में समेट कर रखती है और उसे खूब सारा प्यार-दुलार करती है ।

**5. लेखक लू से बचने के लिए क्या उपाय बताते हैं ?**

**उत्तर:** लेखक लू से बचने के लिए निम्न प्रकार के उपाय बताते हैं :

https://www.evidyarthi.in/

**क)** सबसे पहले लेखक बताते हैं कि जब भी आप गर्मियों की दोपहर में घर से बाहर निकलते हैं तो अपने शरीर के किसी भी हिस्से में प्याज को बांध लें क्योंकि प्याज लू से आपकी बहुत रक्षा करता है ।

**ख)** लेखक बताते हैं कि अगर आपको लू लग भी जाती है तो लू लगे हुए व्यक्ति को कच्चे आम का पन्ने का सेवन करना चाहिए ।

**ग)** लेखक तीसरा उपाय बताते हुए कहते हैं कि आम को भूनकर या उबालकर गुड़ या चीनी के साथ शर्बत बनाकर पीने से भी या उसे अपने शरीर पर लगाने या फिर उससे स्नान करने से भी लू से राहत मिलती है।

evidyarthi